St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Text : (2nd Term) **(Answer Worksheet –11)** **Date: 27.08.2020**
Topic: मैं बादल हूँ **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर लिखो :-

1 बादल पानी कैसे बरसाते हैं ?

उ- समुद्र , झील,तालाब और नदियों का पानी सूरज की गरमी से भाप बनकर ऊपर उठता है ।इसी भाप से बादल बनते है । ये बादल ठंडी हवा से टकराते है । इनमे रहने वाले भाप के कण पानी की बून्द बन जाते है । फिर यही बूंदे धरती पर बरसात के रूप में गिरती हैं ।

2 बादल का भयंकर रूप क्या है ?

उ- बादल का दूसरा रूप बड़ा भयंकर है । वह अपने को संभाल नहीं पाता । जिसके कारण पृथ्वी पर बाढ़ आ जाती है । खेत , घर सब पानी में डूब जाते है । जन - धन का बहुत नुकसान होता है । लोग बेघर हो जाते है ।

3 बादल के न आने पर क्या होता है ?

उ- बादल के न आने पर सूखा पड़ जाता है । धरती में दरार पड़ जाती है । हरे - भरे खेत सूख जाते है । सब लोग पानी के लिए तरस जाते हैं । चारों तरफ त्राहि - त्राहि मच जाती है ।

4 सूखे के लिए दोषी कौन है और क्यों ?

उ- सूखे के लिए दोषी मनुष्य ही है ।जनसंख्या बढ़ने से अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए लोग पेड़ काट रहे हैं । वर्षा कम होने से या न होने से सूखा पड़ रहा है । सूखा न हो , इसीलिए हमें पेड़ नहीं काटना चाहिए । सरकार को इस पर रोक लगाना चाहिए और अधिक पेड़ लगाना चाहिए ।

Poonam Mehra